प्रादेशिक समाचार
दिनांक–15.07.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नई शिक्षा नीति का लक्ष्य युवाओं को विकसित भारत के लिए तैयार करना है।
2. केन्द्रीय मंत्री और कोडरमा से भाजपा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से विधानसभाचुनाव की तैयारी में जुटने का किया आह्वान, राज्य सरकार को हर मोर्चे पर बताया विफल।
3. पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा क्षेत्र में नक्सलियों के साथ सुरक्षाबलों की हुई मुठभेड़ में खुद को कमजोर पाकर पीछे हटे नक्सली, कई सामान बरामद।
4. एनटीए सीयूइटी–यूजी के एक हजार प्रभावित विद्यार्थियों के लिए 19 जुलाई को दोबारा परीक्षा आयोजित करेगा।
5. भारत ने जिम्बाब्वे को पांचवें टी–20 क्रिकेट मैच में 42 रन से हरा कर चार–एक से जीती श्रृंखला ।

और अब समाचार विस्तार से।

***************

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नई शिक्षा नीति का लक्ष्य युवाओं को विकसित भारत के लिए तैयार करना है। मध्य प्रदेश में कल प्रधानमंत्री उत्कृष्टता महाविद्यालय के शुभारंभ के मौके पर उन्होंने ये बातें कहीं।
साउंड बाइट– अमित शाह – 26 सेकेंड

***************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोशल मीडिया अकाउंट– एक्स पर उनके फॉलोअर की संख्या 10 करोड को पार कर गई है। इस उल्लेखनीय बढोतरी में पिछले तीन वर्षों में लगभग तीन करोड की वृद्धि शामिल है। श्री मोदी को अब एक्स पर दुनिया के सबसे अधिक फॉलो किए जाने वाले नेता होने का गौरव प्राप्त है। वे 381 लाख फॉलोअर वाले अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और 65 लाख फॉलोअर वाले कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से काफी आगे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने चर्चाओं, विचार–विमर्श, अंतर्दृष्टि, लोगों के आशीर्वाद, रचनात्मक आलोचना आदि के लिए लोगों का आभार व्यक्त किया है।

***************

कोडरमा की सांसद और केन्द्रीय महिला एवम बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने जमुआ विधान सभा के भाजपा कार्यकर्ताओं को अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा में सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने की अपील की। केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि राज्य में विधि व्यवस्था विफल है और जनता ऐसी सरकार से मुक्ति के लिए छटपटा रही है।

इधर लोकसभा चुनाव में सिंहभूम सीट पर सरायकेला विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को बढ़त दिलाने वाले बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को टाउन हॉल में अभिनंदन सह विजय संकल्प समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व सांसद गीता कोड़ा, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने राज्य सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुआ कि भाजपा कार्यकर्ता आने वाले दिनों में सपनों का झारखंड बनाने के लिए संकल्पित हैं।

***************

राज्य पुलिस मुख्यालय में आज पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह जिले के एसएसपी और एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में मोहर्रम में विधि व्यवस्था को लेकर चर्चा की जायेगी। मुहर्रम को लेकर राज्यभर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

***************

पश्चिमी सिंहभूम जिला के मनोहरपुर थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती जंगली क्षेत्र पाथरबासा में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च अभियान के दौरान कल सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि कोल्हान के सारंडा क्षेत्र में नक्सली दस्ता के भ्रमणशील होने की सूचना पर पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों ने जराईकेला थाना और मनोहरपुर थाना के सीमावर्ती जंगली क्षेत्र में

एक संयुक्त अभियान शुरू किया । इस दौरान सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में नक्सलियों का समूह खुद को कमजोर देख पीछे हट गया। एसपी ने बताया कि सर्च अभियान के दौरान घटना स्थल से दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गयी है। उन्होंने बताया कि संचालित नक्सल विरोधी अभियान जारी है।

***************

गोड्डा जिले के आदिवासी बहुल बोआरीजोर प्रखंड के सभागार में सुरक्षित बचपन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि सुरक्षित बचपन के लिए बाल विवाह बाल, यौन शोषण, बाल मजदूरी और मानव तस्करी को रोकना अति आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पत्र के माध्यम से बाल संरक्षण पदाधिकारी को सभी बच्चे–बच्चियों को मुक्त करने संबंधी जानकारी दी जानी चाहिए। मौके पर जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित थे।

***************

जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट यानी डीएमएफटी फंड से आने वाले दिनों में धनबाद की स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं की सूरत बदली जाएगी।

***************

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने घोषणा की है कि संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा–सीयूइटी–यूजी के प्रभावित विद्यार्थियों के लिए दोबारा परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा 19 जुलाई को कंप्यूटर आधारित होगी।

***************

भारत ने जिम्बाब्वे को पांचवें और अंतिम टी–ट्वेंटी क्रिकेट मैच में 42 रन से हराकर श्रृंखला चार –एक से जीत ली है। हरारे में भारत ने 6 विकेट पर 167 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 19 वें ओवर में एक सौ 25 रन पर ही सिमट गई। शिवम दूबे ने 26 रन बनाए और दो विकेट भी लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वाशिंगटन सुंदर को प्लेयर ऑफ द सीरीज घोषित किया गया।

***************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

अमरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर जानलेवा हमला की खबर को राजधानी रांची से छपने वाले अखबारों ने अपनी सुर्खी बनाई है। इसके अलावा स्थानीय हलचल के साथ 39 साल बाद खुले पुरी जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार की खबर को भी अपने पहले पन्ने पर जगह दी है।

प्रभात खबर की सुर्खी है – ट्रम्प पर जानलेवा हमला, कान को रगड़ कर निकली गोली, बाल–बाल बचे।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– केन्द्र का निर्देश– झारखंड दस खानों की नीलामी की प्रक्रिया जल्द करे पूरा।

दैनिक भास्कर ने पहले पन्ने पर शीर्षक बनाया है– ऐतिहासिक दिन– पुरी में जगन्नाथ मंदिर का खजाना 39 साल बाद खुला।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– एक्स पर पीएम मोदी के 10 करोड़ से अधिक फॉलोअर।

टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने भी ट्रम्प पर हमले की खबर को अपनी पहली सुर्खी बनाई है।

**************